***प्रेस नोट*** **13/06/2026**

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 13.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 28 टीम गठित कर जनपद के 35 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग  सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 353 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 02 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति  जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम मे 13.06.2026 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर व जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन द्वारा थाना कोतवाली नगर  पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को सुना गया साथ ही साथ जनपद के समस्त थानों पर भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान द्वारा समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त 304 प्रार्थना पत्रों में से कुल 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**थानावार कार्यवाही का विवरण –**

1. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 12.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम उम्मनपुर के पास से मु0अ0स0 179/26 धारा 87,137(2), 65(1) बी0एन0एस0 व धारा 4(2) पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो0 सैफ पुत्र शमशाद निवासी डोडोपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।
2. थाना मधुबन पुलिस द्वारा दिनांक 13.06.2026 को एक नफर वारण्टी अनिल यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी उन्दुरा बहरामपुर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**अंतर्जनपदीय वाराणसी जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल में मिर्जापुर की शानदार जीत**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में पुलिस लाइन मऊ में आयोजित अंतर्जनपदीय वाराणसी जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला वाराणसी एवं मिर्जापुर की टीमों के मध्य खेला गया।

दोनों टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में कुल 05 राउंड खेले गए। मिर्जापुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाराणसी की टीम को 25-22, 17-25, 25-19, 21-25 एवं 15-11 के अंकों से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता को देखने के लिए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मिर्जापुर की जीत पर टीम के खिलाड़ियों एवं अधिकारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हो रहा है तथा आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

**थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा गैंग रेप के 02 नफर वांछित अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोसी के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन कर लगातार सुरागरसी पतारसी, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

दिनांक 13.06.2026 को शिकायतकर्ता ममता देवी पत्नी सुरेन्द्र निवासी गोठा गौतमनगर जनपद मऊ द्वारा सूचना मिली कि वादिनी की लडकी मानसिक रूप से विक्षिप्त है वादिनी अपनी बेटी को छोडकर सण्डा रोपने खरकौली चली गयी थी कि मेरी लडकी को अकेली पाकर दिनांक 08.06.2026 को सुहेल उर्फ कल्लू पुत्र हरेन्द्र निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, , विशाल पुत्र अच्छेलाल निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, सत्यम कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी मेघयी नरयेना अजमतगढ थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ ने मिलकर बलात्कार किये दिनांक 13.06.2026 को मेरी लडकी द्वारा बताया कि तीनो लोगो द्वारा मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम किया।

जिसके संबंध में थाना दोहरीघाट पर मु0अ0सं0 126/2026 धारा 70(2) बीएनएस व 4/5K पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया है।

दिनांक 13.06.2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान गोफा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त सुहेल उर्फ कल्लू पुत्र हरेन्द्र निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, , विशाल पुत्र अच्छेलाल निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

1. अभियुक्त सुहेल उर्फ कल्लू पुत्र हरेन्द्र निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ उम्र लगभग 21 वर्ष
2. अभियुक्त विशाल पुत्र अच्छेलाल निवासी गोठा गौतम नगर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ उम्र लगभग 21 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान –**

दिनांक – 13.06.2026, समय – 18:00 बजे ,स्थान – गोफा नहर पुलिया के पास से